25.7.24

कुंजी

Tender Heart High School, Sec. 33-B. CHD.

Page 1

('कुंजी')

कक्षा- सातवीं

सुमन शर्मा

विषय- हिंदी व्याकरण (औपचारिक-पत्र)

पुस्तक- वीवा हिंदी व्याकरण-7

सेवा में,

स्वाध्याधिकारी

स्वास्थ्य विभाग

सेक्टर 17,

चण्डीगढ़

विषय:- नगर में फैल रहे मलेरिया रोग की सूचनार्थ पत्र।

महोदय,

इस वर्ष वर्षा प्रारंभ होते ही जगह-जगह गड्ढे आदि होने से बरसात का पानी स्थान-स्थान पर रुका हुआ है, जिनमें मच्छर पैदा हो रहे हैं। ये मच्छर रात में तो लोगों की नींद खराब करते ही हैं, दिन में भी लोगों को काटकर मलेरिया फैला रहे हैं। मलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो बड़ी तेज़ी से फैलता है, इसलिए हमारे शहर के प्रत्येक मौहल्ले में कई-कई रोगी शय्या पर लेटे हुए हैं। कई लोगों की स्थिति अधिक खराब हो जाने पर उन्हें अस्पताल में भी भर्ती करवाना पड़ता है। मलेरिया के साथ-साथ वायरल फीवर भी तेज़ी से फैल रहा है।

मेरा आपसे निवेदन है कि आप इन संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए पूरी कॉलोनी में मच्छर मारने की दवा छिड़कवाएँ। दूरदर्शन पर मलेरिया फैलने के कारण, मलेरिया के लक्षण, बचने के उपाय आदि की विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि जनसाधारण सतर्क होकर सावधानियाँ बरतें और बीमारियों को फैलने से रोकें।

आशा है, आप बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए तुरंत उचित कार्यवाही करेंगे।

धन्यवाद।

भवदीय

अरविंद

म०नं० - 1233,

सेक्टर- 32-बी,

चण्डीगढ़

दिनांक- 25.7.24